शादी का प्रलसेभन देकर युवती से दुष्कर्म, मामला दर्ज

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना खरसिया में दिनांक 10.07.19 को 21 वर्षीय युवती द्वारा ग्राम तिउर निवासी किशोर गबेल पिता मनमोहन गबेल उम्र 22 वर्ष के विरूद्ध प्रेम संबंध बनाकर शादी करने का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पीडिता ने बताया कि करीब 01 वर्ष पूर्व किशोर गबेल प्रेम सबंध बनाया और शादी करूंगा कहकर कई बार शारीरिक संबंध बनाया। जब युवती, किशोर गबेल को शादी करने को कहती तो ÷तुझे लेने गांव आ रहा हूं ÷ कहकर बात को टाल देता था और अब किशोर गबेल शादी करने से पूरी तरह इंकार कर रहा है। युवती के आवेदन पत्र पर किशोर गबेल के विरूद्ध अप.क्र. 304/19 धारा 376 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आरोपी किशोर गबेल अपने गांव से फरार है, जिसकी पतासाजी के लिये मुखबिर लगाये गये हैं।

मोबाईल टावर से कॉपर केबल वायर चोरी करते हुए दो पकड़ाये

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना चक्रधरनगर अन्तर्गत ग्राम कुकुर्दा में लक्ष्मण कुमार गुप्ता के घर के पीछे भारती इन्फ्राटेल कंपनी का टावर लगा हुआ है। दिनांक 10.07.19 के दोपहर दो लड़के टावर के पास केबल काटने वाले कटर एवं पाना रखे हुए खडे थे जिसे भारती इन्फ्राटेल कंपनी के टेक्नेशियन ओंकारचंद यादव उम्र 30 वर्ष ने देखा और पूछा कि अंदर कैसे आये और क्या कर रहे हो तब दोनों युवक घबरा गये। ओंकारचंद यादव ने दोनों का सामान चेक किया तो उसमें 01 नग कॉपर स्ट्रीप पट्टी एवं कॉपर केबल करीब 10 मीटर रखा था। जिसकी सूचना ओंकारचंद यादव द्वारा थाना चक्रधरनगर एवं अपने अधिकारियों को दिया। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा दोनों युवक ( )अनुराग परते आ. अशोक परते उम्र 23 वर्ष हाल मुकाम बजरंगपारा चौकी जुटमिल (2) परमेश्वर धुर्वे उम्र 21 वर्ष चमर साय धुर्वे सिदारपारा जुनाडीह थाना लैलूंगा को गिरफ्तार कर उनसे 01 नग कॉपर स्ट्रीप पट्टी एवं कॉपर केबल करीब 10 मीटर कीमती 2000 रूपये बरामद किये एवं घटना के संबंध में आरोपीगण के विरूद्ध दर्ज अप.क्र. 251/19 धारा 457,380 आईपीसी में गिरफ्तार कर दोनों को रिमाण्ड पर भेजा गया है।

ऑफर का झांसा देकर महिला से 2 लाख 93 हजार की ठगी, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना धरमजयगढ़ अन्तर्गत ग्राम सारसपार सिसरिंगा में निवासरत श्रीमती एमेल्डा एक्का आंगनबाडी कार्यकर्ता है। दिनांक 25.12.2017 को श्रीमती एमेल्डा एक्का के मोबाईल पर मोबाईल नम्बर 957597×××××× से एक महिला का फोन आया जो बोली कि हमारे कम्पनी से आफर निकला है। तुम लोग पैसा जमा करोगे तो दो साल बाद 4,00,000 रूपया मिलेगा। इसी नम्बर पर 550 रूपये रिचार्ज करावें। उसके बाद दिनांक 27.12.17 को पुनः उसी महिला का फोन एमेल्डा एक्का के पास आया जो बोली कि रविन्द्र टोकने हमारा सबसे बड़ा मैनेजर है। इसके एकाउंट

नम्बर 3648417777 पर 18,600 रूपये डाल दो तो एमेल्डा एक्का धरमजयगढ के सेंट्रल बैंक एकाउंट से 18,600 रूपये जमा करायी। उसके बाद लगातार उस महिला एवं उसके साथियों का फोन एमेल्डा एक्का के पास आता रहा और वे लोग किसी को मत बताना कहकर इससे तीन अन्य एकाउंट धारक बबलु बंसल, सुनील ईनवाती के खाते में करीब 2,93,400 रूपये जमा कराये। उसके कुछ दिन बाद उनका मोबाईल नम्बर बंद हो गया पैसा डलवाने वाली बात बाद में श्रीमती एमेल्डा एक्का ने अपने पति इलियस एक्का, देवर कोरनेलियुस एक्का, भाई ऊजीन लकडा, दीदी सुष्मा, अनंतसिया को बताई और धोखाधड़ी के संबंध में थाना धरमजयगढ़ में आवेदन पत्र दी जिस पर रविन्द्र टोकने, बबलु बंसल, सुनील इनवाती और एक अज्ञात महिला के विरूद्ध अप.क्र. 100/19 धारा 420, 34 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

लायनेस क्लब आफ रायगढ़ सिटी का शपथग्रहण समारोह सम्पन्न

» सदस्यों ने की सांईधाम उर्दना से अपने समाज सेवा कार्यो की शुरुआत

न्याय साक्षी/रायगढ़। लायन व लायनेस क्लब आफ रायगढ़ सिटी का06/07/19 दिन शनिवार को गैलेक्सी माल मे संयुक्त रूप से शपथग्रहण समारोह संपन्न हुआ।समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रीत पाल बी एस बाली एवं शपथ अधिकारी ला. अमरजीत दत्ता जी थे एवं नयी कार्यकारिणी मे लायन्स क्लब से अध्यक्ष ला.प्रेमचंद अग्रवाल सचिव शैलेश अग्रवाल एवं लायनेस क्लब

की अध्यक्षा ला.किरण उरांव, सचिव ला.प्रभा चौबे, कोषाध्यक्ष ला.अलका जैन ,वाइस प्रेसिडेंट ला.रीता पांडेय व ला.उर्मिला अग्रवाल, जाइंट सेक्रेटरी ला.अर्चना मिश्रा, टेमर ला.विपुला मिश्रा, टेल टिवस्टर ला.विनीता पांडेय व पी.आर.ओ ला.ऊषा जोगी ने शपथ लिया।एवं09/07/19 को लायनेस क्लब आफ रायगढ़ सिटी के सदस्यों ने सांईधाम उर्दना मे विधिवत पूजा अर्चना कर अपने नये कार्यो की शुरूआत की।सेवा गति विधि मे पर्यावरण को ध्यान मे रखते हुए सांई मंदिर में ही गुलाब के पौधे रोपित किए गए और प्रसाद के रूप गुलाब के व अन्य फलदार पौधे सभी सदस्यों व उपस्थित जनों को भेंट स्वरूप दिए गए।जिनमें चार्टर मेम्बर ला.सी.बी.वर्मा, चार्टर मेम्बर ला.प्रमिला अग्रवाल, ला. प्रमिला चोपड़ा, ला.ईश्वरी अग्रवाल, ला.मृदुला जायसवाल, ला.हेमा शाह,ला.प्रीति षंडगी ,ला.अर्चना मिश्रा, ला.ऊषा जोगी, ला.सीमा गुप्ता, ला.सरिता विश्वकर्मा ला.प्रभा चौबे ,ला.किरण उरांव आदि उपस्थित रही।जिसमें क्लब के सभी सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा एवं चार्टर मेम्बरों का पथप्रदर्शन व सहयोग प्रेरणा दायक व उत्साह वर्धक रहा।

ट्रक की ठोकर से एक की मौत, एक घायल

न्याय साक्षी/रायगढ़। ग्राम भेलवाटोली निवासी खिरोधर पैंकरा दिनांक 10/07/2019 को ग्राम बेसराबहार रथ यात्रा देखने गया था। मेले में खिरोधर पैंकरा को उसका परिचित भानू प्रताप निवासी टोहिलाकुण्डा मिला जिसके साथ मेले में घूमने के बाद दोनों भानु प्रताप के मोटर सायकल में रायगढ़ आ रहे थे। मोटर सायकल को भानुप्रताप चला रहा था , पीछे खिरोधर बैठा था कि झरियामुडा हीरापुर के पास पीछे से ट्रक क्रमांक सीजी 14-डी-9171 का चालक तेजी एवं लापरवाही से चलाते हुए ठोकर मार दिया जिससे दोनों रोड पर गिर गए। भानु प्रताप के दोनों पैरों से ट्रक का सामने का चक्का निकल गया। भानु प्रताप को गंभीर हालत में इलाज के लिये लैलूंगा अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से बेहतर ईलाज के लिये आहत को रायगढ़ रिफर करने पर भानु प्रताप को इलाज के लिये रायगढ़ लाते समय रास्ते में भानु प्रताप फौत हो गया।

मानसिक रूप से कमजोर युवती सड़क पर घायल मिली

» कोतरारोड राइनो स्टाफ ने सखी सेंटर के बाद ईलाज के लिए केजीएच में भर्ती कराया

न्याय साक्षी/रायगढ़। कोतरारोड राइनो को ग्राम जोरापाली में एक्सीडेंट का इवेंट मिला। इवेंट पर कोतरारोड राइनो वाहन में डॉयल 112 स्टाफ आरक्षक शुभम तिवारी, व गणपत एक्का ग्राम जोरापाली पहुंचे। जहां सड़क पर एक 20-22 साल की युवती गिरी पड़ी थी। युवती को ज्यादा चोट नहीं था जिसे उठाकर दोनों आरक्षकों ने पूछताछ किये तो भूख से गिर जाना बतायी जिसे दोनों आरक्षक पास के होटल में ले जाकर नाश्ता कराएं। युवती के हाथ में संतोषी लिखा हुआ था जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के अंदेशा में थाना प्रभारी कोतरारोड, कन्ट्रोल रूम को सूचित कर युवती को दोनों आरक्षक सखी सेंटर लेकर गए जहां युवती के धनेश्वरी साहू पिता सीताराम साहू उम्र 22 साल

निवासी ग्राम कलमी थाना कोसीर की होना पता चला। युवती के माता-पिता एवं थाना कोसीर में सूचना देकर युवती को इलाज के लिए केजीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवती के पिता कल केजीएच आकर युवती को ले जाना बताए हैं।

आवश्यकता है
CAREER SCHOOL
अंग्रेजी माध्यम (English Medium) में कक्षा 8 वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए
गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक
अभ्यार्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।
CAREER SCHOOL
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं जर्नलिज्म बोर्ड के सदस्यों कृ0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में तमाम सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL
HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
Topper Students Last Session
Tarun 90% Yamini 98% Shraddha 93% Priyanka 96% Prerna 84% Hitendra 99% Akanksha 90% Geetanjali 99% Chetna 94% Arpita 93% Arpita 98% Rakesh 97% Sejal 88% Shiva 97%
Topper Students Last Session
Sushant 92% Prince 97% Kusum 98% Abhishek 99% Ayush 93% Prachi 97% Tulika 96% Pari 96% Aradhya 97% Ananya 99% Ashish 96% Ankita 99%
Join CAREER...
Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....
CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480